## महत्वपूर्ण एवं खास

### श्रीमहादेवम हास्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 27 को

**रायपुर (आरएनएस)।** श्रीमहादेवम मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल दावड़ा कालोनी न्यू धमतरी रोड पचपेढ़ी नाका रायपुर में 27 जनवरी सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के मध्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर में हड्डी रोग से संबंधित बीमारियां एवं नेत्र रोग से संबंधित बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जाएगा। संचालक ने आसपास के रहवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त शिविर में शामिल होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां स्कूल एवं कालेजों में अंतिम चरण में

» 71वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा 26 को

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय अशासकीय संस्थानों में गणतंत्र दिवस की 71वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्कूल कॉलेजों सहित अनेक स्वयंसेवी संगठनों ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया है। स्कूल एवं कॉलेजों में सुबह देशभक्ति पूर्ण गीत, नृत्य एवं नाटकों का आयोजन किया गया है। वहीं स्वयंसेवी संगठनों ने स्वतंत्र संग्राम सेनानियों द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानी का स्मरण करते हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। शहर के कलेक्टोरेट मरीन ड्राइव, कटोरातालाब, अनुपम उद्यान आदि में देशभक्तिपूर्ण गीतों का आयोजन कलाकारों द्वारा किया गया है। वहीं नगर निगम रायपुर के उद्यान में स्थानीय कलाकारों द्वारा शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नृत्य एवं गीतों का आयोजन उपस्थितजनों के मध्य प्रस्तुत किया जाएगा।

### पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल पार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलीबांधा के पास पार्किंग में खड़ी होंडा मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राममंदिर रोहिणीपुरम डीडी नगर निवासी विजय शर्मा 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 जनवरी को प्रार्थी ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 केई 0339 को भसीन मोटर्स के पार्किंग में खड़ी किया था किसी ने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को मारी टक्कर, उपचार के दौरान पत्नी की मौत

» ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मोटरसाइकिल सवार दंपति को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते पत्नी गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो जाने पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जरौदा विधानसभा निवासी रमेश कश्यप अपनी मोटरसाइकिल से पत्नी चंदा कश्यप 22 वर्ष के साथ दोंदे खुर्द जा रहा था तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने दंपति को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते रमेश कश्यप को चोट लगी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब दुकान से लाखों का गबन कर फरार हुआ सुपरवाइजर गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** तारबाहर पुलिस ने व्यापार विहार स्थित शराब दुकान से 5 लाख रूपये से अधिक राशि गबन कर फरार हुए सुपरवाईजर को 2 वर्ष बाद गिरफ्तार किया है। 2018 में व्यापार विहार स्थित शराब दुकान के सुपरवाइज डभरा निवासी चेतराम चंद्रा के खिलाफ दुकान के बिक्री रकम 5 लाख से अधिक गबन का रिपोर्ट लिखाई गई थी। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार हो गया था। पुलिस को मुखबिर से आरोपी के गांव में होने की सूचना मिलने पर उसे आज गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया है।




## पुलिस मॉर्डनाईजेशन के लिए हाई पॉवर कमेटी की बैठक

» पुलिस मॉर्डनाईजेशन के लिए हाई पॉवर कमेटी की बैठक

» केंद्रीय गृह मंत्रालय को मॉर्डनाईजेशन के लिए प्रस्ताव सौंपे आठ राज्यों ने

**रायपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आज नवा रायपुर पुलिस मुख्यालय, में हाई पॉवर कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक श्री डीएम अवस्थी ने कहा कि पुलिस के मॉर्डनाईजेशन से प्रकरणों की जांच शीघ्र होती है और पीड़ितों को जल्द न्याय मिलता है। यह छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यकुशलता है जिसकी वजह से हमने अपहृत व्यापारी को सुरक्षित छुड़ा लिया। हाई पॉवर कमेटी बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी (पुलिस मॉर्डनाईजेशन) श्री विवेक भारद्वाज ने की। रायपुर में आयोजित मीटिंग में 8 राज्य छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, मिजोरम और नागालैंड के पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक एक्सपर्ट शामिल हुए। हाई पॉवर कमेटी मीटिंग में पुलिस के मॉर्डनाईजेशन पर राज्यों से विचार विमर्श कर विचार मांगे गये। बैठक में विभिन्न राज्यों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अत्याधुनिक हथियार, तकनीकी उपकरण और विशेष सॉफ्टवेयर के संबंध में अपने प्रस्ताव रखे। राज्यों के पुलिस अधिकारियों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने जांच के लिये अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक रिकवरी और एनालिसिस सॉफ्टवेयर की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही सायबर क्राईम इन्वेस्टिगेशन टूल किट, थर्मर इमेजर, इन्टरनेट एविडेंस फाईन्डर, टॉवर सर्वर, फायरिंग सिमुलेटर की जरूरत पर बल दिया। गृह मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी श्री विवेक भारद्वाज ने बताया कि पुलिस के मॉर्डनाईजेशन के लिए राज्यों की जो भी आवश्यकताएं होंगी, उन पर विचार कर जल्द से जल्द प्रस्तावों को स्वीकृति दी जायेगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री आर.के. विज, अमिताभ गुप्ता, प्रिंसिपल सेक्रेटरी (स्पेशल) गृह विभाग महाराष्ट्र एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## नई दिल्ली के दो शातिर ठग पुलिस हिरासत में

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपका पुलिस ने देश की राजधानी नई दिल्ली से दो शातिर ठगो को हिरासत में लिया है पकड़ में आये आरोपियों में शिवम् सोनी पिता कपिल देव् सोनी 23 है जबकि कुलदीप सिंह चंद्रभान सिंह 21 है, यह दोनों दिल्ली के नजफ गड़ का रहने वाले है। दोनों को रिमांड पर कोरबा लाया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल कारा दिया गया है।



जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 14 जुलाई को पाली रोड दीपका के रहने वाले संतोष सिंह पिता सीएल गुप्ता 40 ने दीपका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की बीते 7 मार्च से 9 मार्च के बीच किसी ने बुन्हे फर्जी बैंक अधिकारी बनकर उनके क्रेडिट कार्ड से करीब 4 लाख 99 हजार 4 सौ रूपये की ठगी कर उनके खाते से रकम पार कर दी है। दीपका पुलिस ने इस मामले में अज्ञात ठगो के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी थी

पतासाजी और पड़ताल में पुलिस को यह जानकारी मिली की इस गिरोह में दो या दो से अधिक युवक शामिल हो सकते है, जांच में यह भी पता चला की ठगी के इस वारदात को नई दिल्ली से अंजाम दिया गया है। इसकी पुष्टि होते ही तत्काल एसपी के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम दिल्ली के लिए रवाना की गई और मामले में संदिग्ध शिवम् और कुलदीप को हिरासत में ले लिया उक्त दोनों से जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पता चला की कुलदीप ने प्रार्थी संतोष के दिए जानकारी के आधार पर क्यूआर कोड जनरेट कर लिया था और इस तरह रकम शिवम् के बैंक खाते में चार लाख 59 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिया था।

## छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के 6 लाख पेंशनर्स परेशान

» राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की 49 की गलत व्याख्या का नतीजा :

**रायपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 की अधिकारियों द्वारा गलत व्याख्या के कारण छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लगभग 6 लाख पेंशनर्स परेशान हैं। दोनों राज्यों के इन पेंशनरों को 7वें वेतनमान के एक जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 तक 27 महीने की बकाया राशि अब तक नहीं मिल पाई है और न ही एक जुलाई 2019 से देय 5 प्रतिशत की महंगाई राहत की राशि का भी अब तक भुगतान नहीं किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनरों को भी इन राशियों का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने आज यहां प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स समाज की ओर से उनका प्रतिनिधि मंडल जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा और उनसे इस संबंध में उचित पहल करने का आग्रह करेगा।

**» सातवें वेतनमान के 27 महीने के एरियर्स और जुलाई 2019 से देय महंगाई राहत की राशि अब तक नहीं मिली**

श्री भारती ने बताया कि वर्ष 2016 से 2018 के बीच 27 महीने की 7वें वेतनमान की बकाया राशि और एक जुलाई 2019 से 5 प्रतिशत महंगाई राहत (डीए) अब तक नहीं मिल पाने का मुख्य कारण मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49 की कंडिका 6 है जिसकी गलत व्याख्या करके अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को किसी भी प्रकार की महंगाई राहत और एरियर्स भुगतान के लिए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों की सहमति को अनिवार्य बता दिया जाता है।

## गणतंत्र दिवस पर चार बच्चो राज्य वीरता पुरस्कार से नवाजे जाएंगे

**» दो बच्चो राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्राप्त करेंगे दिल्ली में**



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रेस क्लब रायपुर ने आज यहां इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित होने वाले 4 बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इन बच्चों को परसों 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य शासन द्वारा वीरत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इसके पहले प्रेस क्लब परिवार रायपुर द्वारा आज सम्मानित इन बच्चों में कुमारी अंशिका साहू नहरपारा सम्बलपुर जिला धमतरी, कुमारी अन्नया सिंह चौहान बंजारी रोड रायपुर, राहुल पटेल ग्राम चौबे बांधा तहसील राजिम विकासखण्ड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद एवं प्रमोद बारीक भटली पोस्ट लूकापारा थाना सरिया जिला रायगढ़ शामिल हैं।

प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू आम्बेडारे और कार्यकारिणी सदस्य जावेद खान ने इन बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के संयोजक राजेन्द्र निगम एवं श्रीमती इंदिरा जैन ने पत्रकारवार्ता में इन बच्चों का परिचय दिया। साथ ही बच्चों ने स्वयं अपने वीरतापूर्ण कार्यों की जानकारी दी। ज्ञातव्य है कि 26 जनवरी को हर साल पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में वीरता पूर्ण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है।

छः वर्ष की नन्ही अंशिका साहू ने अपनी बड़ी बहन कुमारी आकांक्षा साहू को 17 जुलाई 2018 को बिजली के तार में हाथ चिपक जाने पर सूझबूझ के साथ प्लास्टिक की चप्पल हाथ में मारकर उसका जीवन बचाया था। कुमारी अनन्या सिंह चौहान ने 17 मार्च 2019 को अपनी चचेरी बहन अनिकृति एवं रीया साहू को भिलाई स्थित खुशी पैलेस से होली मिलन समारो के बाद लौटते समय रोड में अचानक पशु आ जाने से दो पहिया वाहन गिरने से हुई दुर्घटना के उपरांत खुर्सीपार थाना पहुंचकर सूचित कर अपनी बहनों की जान बचाई थी।

## ब्रेक की जगह बेटे ने दबा दिया एक्सीलेटर, चपेट में आने से माँ की मौत, पिता घायल




**जांजगीर (आरएनएस)।** जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में गाड़ी चालक बेटे ने अपनी मां और पिता की जान ले ली। नौसिखिया बेटा ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया। वहीं गाड़ी अनियंत्रित होकर मां और पिता को ही अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के राहौद में चारपहिया दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें एक वाहन ने बेटे ने मां और पिता को कुचल दिया। हादसे में महिला मोती सिंह की मौत हो गई, वहीं पिता जन्देल सिंह गंभीर रूप से घायल है। उत्तरप्रदेश से यह परिवार चारपहिया में गांव-गांव घूमकर जड़ी-बूटी बेचने का काम कर रहा था। अभी इस परिवार का ठिकाना राहौद था। आरोपी बेटे सूरज सिंह, गाड़ी चलाने की कोशिश कर रहा था और उसने अपनी मां और पिता को गाड़ी से कुचल दिया। हादसे में मां की मौत हो गई, पिता गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने आरोपी बेटे सूरज सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

### भूपेश बघेल ने नई दिल्ली में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सौजन्य मुलाकात की...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मोहन मरकाम, छत्तीसगढ़ के मंत्रीगण, छत्तीसगढ़ की नगर निगमों के नवनिर्वाचित महापौर और सभापति तथा नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जारी पुलिस परेड रिहर्सल व तैयारियों का डीजीपी ने लिया जायजा




**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस कर्मियों द्वारा जारी रिहर्सल सहित अन्य तैयारियों का आज डीजीपी डीएम अवस्थी ने जायजा लिया। हर साल की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी रायपुर में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पुलिस परेड ग्राउंड को जहां सजाने का काम जारी है, वहीं समारोह के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा दी जाने वाली परेड की प्रस्तुति के लिए जमकर रिहर्सल कराया जा रहा है। देखा जाए तो अब समारोह को अब सिर्फ कल का एक ही दिन शेष है। जिससे रिहर्सल का आज लगभग अंतिम दिन हो सकता है। क्योंकि कल दिनभर मैदान में कार्यक्रम की तैयारियां की जाएगी। इसे देखते हुए डीजीपी श्री अवस्थी आज पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर रिहर्सल सहित समारोह की सारी तैयारियों का जायजा लिया। अवस्थी ने आरएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में महाराष्ट्र की प्लाटून यहां आयी हुई है और हमारी प्लाटून महाराष्ट्र गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस परेड में बहुत सारी नई चीजें दिखेंगी।

## दपूम रेलवे के जीएम ने शिवनाथ ब्रिज का किया निरीक्षण

**रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर महाप्रबंधक गौतम बनर्जी द्वारा आज दाधापारा से रायपुर खंड का वार्षिक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने शिवनाथ ब्रिज का भी निरीक्षण किया है।**

**» वार्षिक निरीक्षण पर निकले हैं रेलवे जीएम**




रेल मंडल के पीआरओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर महाप्रबंधक गौतम बनर्जी द्वारा रायपुर रेल मंडल का वार्षिक निरीक्षण किया जा रहा है। बनर्जी ने सबसे पहले बिलासपुर का निरीक्षण किया, इसके बाद वे दाधापारा होते हुए रायपुर सेक्शन का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जीएम यात्री सुविधाओं संरक्षा, सुरक्षा की सुनिश्चित के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, स्थानीय संगठनों व्यापारिक संगठनों से मुलाकात कर रहे हैं। वर्तमान में बनर्जी शिवनाथ ब्रिज का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके पश्चात वे निपनिया-भाटापारा के मध्य कर्व, निपनिया-भाटापारा के बीच स्थित आर्च ब्रिज नं. 456, भाटापारा स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर -1, रेलवे कॉलोनी, हेल्थ यूनिट, सिलियारी यार्ड पॉइंट एंड क्रासिंग, एलसी, सुरक्षा उपकरणो की जांच करेंगे। निरीक्षण के दौरान उनके साथ रायपुर के डीआरएम श्याम सुंदर गुप्ता, बिलासपुर मुख्यालय के सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष एवं रायपुर रेल मंडल के अधिकारी उपस्थित हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU